मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-139
11/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में भागलपुर जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 11 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में भागलपुर जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने भागलपुर के अलीगंज में बिहार स्पिनिंग मिल परिसर अवस्थित 'वृहद आश्रय स्थल' की छत पर ब्रेडा द्वारा अधिष्ठापित ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। भागलपुर जिलांतर्गत नवनिर्मित जिला अतिथि गृह, मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत खेल–भवन–सह–व्यायामशाला एवं मुख्यमंत्री बाल आश्रय विकास योजना अंतर्गत 200 आवासन की क्षमता वाले वृहद आश्रय गृह का शिलापट्ट अनावरण कर मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने वृहद आश्रय गृह भागलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने डिजिटल सेंटर, मल्टी पर्पस हॉल एवं कार्यालय आदि का जायजा लिया। कला में अभिरुचि रखने वाले बालक–बालिकाओं द्वारा बनाई गई कलाकृति, पेंटिंग से संबंधित प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। वृहद आश्रय स्थल के परिसर में मुख्यमंत्री ने द्वियांगजनों को बैट्री चलित ट्राइसाइकिल की चाबी प्रदान की। वृहद आश्रय स्थल प्रांगण में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया।

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन सीपेट (केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियंत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान) भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उद्योग विभाग के प्रधान सचिव श्री संदीप पौंड्रिक ने निर्माणाधीन सीपेट भवन के प्रारूप के माध्यम से उसकी प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सीपेट भवन को ठीक ढंग से बनायें। यहां 50 साल पुराना जो भवन है उसे रखने का कोई औचित्य नहीं है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गगत सीपेट कैंपस में उद्योग विभाग द्वारा लगाई गई उत्पादित सामाग्रियों से संबंधित प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत भागलपुर जिले के कुल 61 लाभुकों को देय राशि से संबंधित चेक मुख्यमंत्री ने प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने भागलपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के खीरीबाँध पंचायत स्थित गणेशपुर तिनपुलिया ग्राम का भ्रमण कर विभिन्न विभागों द्वारा कराए गए विकास कार्यों का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने खुशी जीविका महिला सिलाई उत्पादक समूह द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का मुआयना किया। जीविका दीदियों को मुख्यमंत्री ने ई–रिक्शा की चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने 1795 जीविका स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदत ऋण एवं जीविका परियोजना की ओर से सामुदायिक निवेश निधि के तहत् उपलब्ध कराई गई निधि से संबंधित 79 करोड़ रुपये का चेक एवं बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में शॉपिंग कॉम्पलेक्स की चाबी जीविका दीदियों को प्रदान किया। जीविका दीदी की

नर्सरी का भी मुख्यमंत्री ने मुआयना किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर जीविका दीदियों ने स्वागत गान एवं शराबबंदी के समर्थन पर आधारित गीत की प्रस्तुति दी।

जीविका दीदियों से संवाद के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आप ही लोगों की मांग पर वर्ष 2016 में शराबबंदी लागू की गई। इसलिये गड़बड़ करने वालों को समझायें। ऐसे लोगों से सचेत रहें और जरूरत पड़ने पर इसकी सूचना पदाधिकारियों को दें। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया। साथ ही, बच्चों को मिल रही सुविधाओं एवं पठन–पाठन के संबंध में जानकारी ली। कृषि विभाग द्वारा जैविक कोरिडोर योजना के तहत तैयार किये गये औषधीय पौधों, उत्पादित सब्जियों एवं अन्य उत्पादों से सुसज्जित प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत व्यवसाय विविधीकरण हेतु 943 लक्षित परिवारों को 2 करोड़ 3 लाख 56 हजार रुपये का सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री ने प्रदान किया। जीविका समूह से जुड़े 300 परिवारों को मुख्यमंत्री बागवानी मिशन के तहत प्राप्त अनुदान से संबंधित 1 करोड़ 17 हजार रुपये का सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को प्रदान किया। सात निश्चय–2 के तहत 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' योजना अंतर्गत 30 फीट तक के 24 पक्का चेक डैम निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने तिलकामांझी चौक स्थित शहीद तिलकामांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तिलकामांझी (मुर्मू) आदिवासी सुसार बैसी भागलपुर द्वारा आयोजित तिलकामांझी जंयती सामारोह में मुख्यमंत्री शामिल हुए। समारोह में आदिवासी कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की गई।

भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके यथाशीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने जगह–जगह मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री सह भागलपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री कुमार सर्वजीत, सांसद श्री अजय कुमार मंडल, विधायक श्री ललित नारायण मंडल, विधायक श्री अजीत शर्मा, विधान पार्षद श्री विजय कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सचिव समाज कल्याण श्री प्रेम सिंह मीणा, सचिव भवन निर्माण विभाग श्री कुमार रवि, सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्री बाला मुरूगन डी0, आयुक्त भागलपुर प्रमंडल श्री दयानिधान पाण्डेय, पुलिस उप–महानिरीक्षक भागलपुर प्रक्षेत्र श्री विवेकानंद, जिलाधिकारी भागलपुर श्री सुब्रत कुमार सेन, वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर श्री आनंद कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******